# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, वाराणसी।

संख्या– 1889/निर्वाचन–2023

दिनांक– 18 दिसम्बर,2023

समस्त **Dedicated** सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीरण अधिकारी,
जनपद– वाराणसी।

विषयः– राज्य स्तरीय आनलाईन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता 1.0 हेतु स्कूल/कालेज के छात्राओं/छात्रें की भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–584/सीईओ–6 दिनांक 16 दिसम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है। इसी कम में विशेषकर युवा मतदाताओं तथा दिव्यांगजनों को पंजीकरण हेतु जागरूकता किये जाने के दृष्टिगत राज्य स्तरीय आनलाईन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता **(VoteUP: Poster designing/slogan writing competition) 1.0** का दिनांक 08.12.2023 को शुभारम्भ किया गया हैं

अतः उपरोक्त पत्र की प्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त लांच की गयी आनलाईन प्रतियोगिता को अपने विधानसभा के स्कूल/कालेजों के माध्यम से प्रचारित कराना सुनिश्चित करें ताकि अधिकाधिक पात्र मतदाताओं द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा सके।

**Link for Poster Designing-https//forms.gle/DUjiPXUAd2ZZg75n9**
**Link for Slogan writing-https//forms.gle/tXBMveY48dTmVHpw6**

संलग्नक–यथोक्त।

(बिपिन कुमार)
अपर जिलाधिकारी, प्रशासन/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
वाराणसी।

संख्या व दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, महोदय को सूचनार्थ।
2–समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, वाराणसी।
3–सुश्री नीलू मिश्रा, स्वीप आईकान, वाराणसी।

18.12.23

अपर जिलाधिकारी, प्रशासन/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
वाराणसी।

# कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश।

चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट लखनऊ–226001

संख्या–584 / सीईओ–6–17 / 6–2023 लखनऊः दिनांकः 16 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर / स्लोगन प्रतियोगिता 1.0 हेतु स्कूल / कालेज के छात्राएं / छात्रों की भगीदारी सुनिश्चित कराये जाने संबंध में।

महोदया / महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–565 / सीईओ–6–17 / 6–2023, दिनांक–08 दिसम्बर, 2023 के कम में मुझे यह कहना है कि आप अवगत हैं कि सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (SVEEP) के अन्तर्गत विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है। इसी कम में विशेषकर युवा मतदाताओं तथा दिव्यांगजनों को पंजीकरण हेतु जागरूक किये जाने के दृष्टिगत राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर / स्लोगन प्रतियोगिता (VoteUP: Poster designing/Slogan writing competition) 1.0 का दिनांक 08.12.2023 को शुभारम्भ किया गया है।

2– इस संबंध में अपने जनपद के Dedicated सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकाधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करायें। उक्त प्रतियोगिता में सबसे अधिक प्रतिभाग कराने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के Dedicated सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

अतः कृपया उक्त लॉच की गयी ऑनलाइन प्रतियोगिता को अपने जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के Dedicated सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि अधिकाधिक पात्र मतदाताओं द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा सके।

**Link for Poster Designing- https//forms.gle/DUjiPXUAd2ZZg75n9**

**Link for Slogan writing- https//forms.gle/tXBMveY48dTmVHpw6**

भवदीया,

(निधि श्रीवास्तव)
अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

संख्या– 584 / सीईओ–6 तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त नोडल अधिकारी, स्वीप को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रतियोगिता को अपनी निगरानी में निष्पादित कराने का कष्ट करें।

(टी0पी0 गुप्ता)
सांख्यिकीय अधिकारी / स्वीप नोडल अधिकारी